Regarding construction of embankment along rivers in flood affected areas in Dhaurahara Parliamentary Constituency

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) **:** अध्यक्ष महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र धौरहरा के विधान सभा क्षेत्र हरगांव और धौरहरा में हर वर्ष आ रही विनाशकारी बाढ़ की विभीषिका के स्थायी समाधान की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, आखिर क्या कारण है कि आजादी के बाद लगातार बाढ़ की विभीषिका का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता है? हर वर्ष मुआवजे के नाम पर प्रशासनिक अधिकारी बंटरबांट करते हैं। उसमें हजारों करोड़ों रुपये की लूट होती है। तटबंध बनाने के नाम पर हर वर्ष हजारों करोड़ों रुपये की लूट होती है। क्या सरकार को इसके स्थायी समाधान की तरफ नहीं बढ़ना चाहिए?

अध्यक्ष जी, हमारे क्षेत्र में एक बांध है, जिसका निर्माण कार्य हो रहा है। वहां तटबंध का निर्माण हो रहा है। जो पुराना अलाइनमेंट था, हमारा आपसे अनुरोध है कि उसी अलाइनमेंट को रखा जाए, जिससे क्षेत्र के तमाम लोगों को लाभ मिल सके।

अध्यक्ष जी, स्थायी समाधान के लिए डैम बनाने का काम हो, बिजली का काम हो, नदी को चैनलाइज करने का काम हो, इसके साथ ही बांध का निर्माण किया जाए।

अध्यक्ष जी, इतने कम समय में पूरी बात नहीं आ पा रही है। लेकिन, आपसे मेरा अनुरोध है कि बाढ़ का स्थायी समाधान के लिए सरकार प्रयास दिया। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।